पंजाब केसरी 12/03/2026

इंटर कॉलेज जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2025-26

जी.एम.एन. कॉलेज का आशीष पुन ऑल राउंड बैस्ट जिम्नास्ट घोषित

अम्बाला, 11 मार्च (बलराम): इंटर कॉलेज जिम्नास्टिक प्रतियोगिता 2025-26 अम्बाला कैंट के वार हीरोज स्टेडियम में संपन्न हुई। इस प्रतियोगिता का आयोजन एस.ए. जैन कॉलेज, अम्बाला शहर द्वारा करवाया गया। इन प्रतियोगिताओं में आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (मैन एंड वीमैन) में गांधी मैमोरियल नैशनल कॉलेज, अम्बाला कैंट ने दूसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही रिदमिक जिम्नास्टिक (वीमैन) में भी जी.एम.एन. कॉलेज ने दूसरा स्थान हासिल किया।

कॉलेज के प्रिंसीपल व प्रो. ब्रिजेश गुप्ता के साथ मौजूद विजेता रहे खिलाड़ी। (चंद्रमोहन)

आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (मैन) में आशीष पुन को ऑल राउंड बैस्ट जिम्नास्ट घोषित किया गया। आशीष पुन ने रिंग्स और हॉरिजॉन्टल बार पर पहला स्थान, पॉमल हॉर्स और वॉल्टिंग टेबल पर दूसरा स्थान तथा पैरेलल बार और फ्लोर एक्सरसाइज में तीसरा स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही दीपक ने हॉरिजॉन्टल बार पर तीसरा स्थान हासिल किया।

आर्टिस्टिक जिम्नास्टिक (वीमैन) में अंजली सैनी ने ऑल राउंड दूसरा स्थान तथा कृतिका वर्मा ने ऑल राऊंउ तीसरा स्थान प्राप्त किया। अंजली सैनी ने फ्लोर एक्सरसाइज और बैलेंसिंग बीम में दूसरा स्थान तथा अन-इवन पैरेलल बार और वॉल्टिंग टेबल में तीसरा स्थान प्राप्त किया। वहीं, कृतिका वर्मा ने वॉल्टिंग टेबल और अन-इवन पैरेलल बार में दूसरा स्थान तथा बैलेंसिंग बीम में तीसरा स्थान हासिल किया। इसी प्रकार, कृतिका वर्मा, अंजली सैनी, सानिया और अंकिता ने रिदमिक जिम्नास्टिक (वीमैन) प्रतियोगिता में भाग लेते हुए अपनी टीम को दूसरा स्थान दिलाया।

इस अवसर पर कॉलेज के प्रिंसीपल ने सभी खिलाड़ियों और कोच को इस उपलब्धि के लिए बधाई दी। उन्होंने कहा कि खेल विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास का महत्वपूर्ण माध्यम हैं और कॉलेज हमेशा खिलाड़ियों को बेहतर सुविधाएं और प्रोत्साहन देने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने आशा व्यक्त की कि कॉलेज के खिलाड़ी भविष्य में भी इसी तरह राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर कॉलेज का नाम रोशन करेंगे।

जी.एम.एन. कॉलेज की जिम्नास्टिक की सभी टीमों ने कॉलेज में शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष एसोसिएट प्रो. ब्रिजेश गुप्ता की देखरेख में प्रतियोगिता में भाग लिया। बृजेश गुप्ता ने खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने कठिन परिश्रम और अनुशासन के बल पर यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने कहा कि कॉलेज में खेलों को बढ़ावा देने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं और भविष्य में भी खिलाड़ी इसी प्रकार उत्कृष्ट प्रदर्शन करते रहेंगे।